1. परिच्छेद

प्रतिवर्ष जून से सितम्बर के चार महीनों के दौरान होने वाले मानसूनी प्रवाहों के अत्यधिक विषम, ऋतुनिष्ठ एवं स्थानिक वितरण के उपयोग के कई अवसरों को। खोया जा चुका है। चूंकि इन कुछ महीनों में ही अधिकांश वृष्टि होती है एवं परिणामतः स्वच्छ जल उपलब्ध होता है, जलाशयों में वर्षा के जल के संचयन की आवश्यकता और बाद में वर्ष-भर उपयोग हेतु छोड़ना, एक ऐसी अनिवार्यता है, जिसकी कोई उपेक्षा नहीं कर सकता। जलवायु परिवर्तन मौसम की स्थितियों को सदा प्रभावित करता रहेगा और जल की अल्पता तथा इसके आधिक्य को उत्पन्न करेगा। जहाँ लाखों लोग सूखे एवं बाढ़ से पीड़ित होते हैं, वहीं देश की कई नदियों में पानी अप्रयुक्त बहता रहता है और प्रत्येक वर्ष समुद्र में बह जाता है।

1. उपरोक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा भारत की दृष्टि से सर्वाधिक तर्कसंगत एवं व्यावहारिक निहितार्थ हो सकता है?
   1. नदियों के अन्तःसम्बन्धन को प्रारम्भ किया जाना चाहिए।
   2. जल के यथोचित वितरण के लिए पूरे देश में बाँधों एवं नहरों के नेटवर्क का निर्माण किया जाना चाहिए।
   3. कृषकों को बोरवेल की खुदाई के लिए सुलभ ऋण दिया जाना चाहिए।
   4. कृषि में जल के प्रयोग को कानूनी रूप से नियन्त्रित किया जाना चाहिए।
   5. केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में नदियों के जल के वितरण को नियन्त्रित किया जाना चाहिए।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
)a) 1 और 2 (b) 2,4 और 5
   (c) 1, 3 और 4 (d) 2, 3 और 5

2. परिच्छेद

जब शिक्षा से मिलने वाले लाभ का उपयोग करने की आर्थिक स्वतन्त्रता प्राप्त होगी, तभी लोग शिक्षा में निवेश करेंगे। इस प्रत्यक्ष कारण की वजह से आर्थिक स्वतन्त्रता के स्तर में वृद्धि के साथ ही शिक्षा से प्राप्त होने वाला लाभ भी बढ़ जाता है। निम्न कर दरों के कारण जब लोगों को शिक्षा के प्रत्येक बढ़ते स्तर से प्राप्त बढ़ी हुई आय के अधिकांश भाग को अपने पास रखने की अनुमति होती है, तब शिक्षा में निवेश एक अच्छी सूझ-बूझ की बात होती है। दूसरी ओर जब सरकार शिक्षित व्यक्तियों की बढ़ी हुई आय पर और ऊँची दरों पर कर लगाने का निर्णय लेती है, तब स्वयं को अधिक शिक्षित करने में निवेश करना समझदारी की बात नहीं लगती। यही प्रोत्साहन उन अभिभावकों पर भी लागू होता है, जिन्हें यह निर्णय लेना है कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर निवेश करें या नहीं।

2. उपरोक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं:
   1. किसी देश में निम्न कर दर निरपवाद रूप से उच्च शिक्षा में अधिक निवेश के लिए परिणत हो जाती हैं।
   2. बच्चों की शिक्षा में निवेश उनकी आर्थिक स्वतन्त्रता को सुनिश्चित करता है।
   3. आर्थिक स्वतन्त्रता का मानव पूँजी निर्माण पर सकारात्मक प्रभाव होता है।

   उपरोक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) केवल 3 (d) 1, 2 और 3

1. Passage

Many opportunities to harness the highly skewed, seasonal and spatial distribution of monsoon flows, which occur in a four-month period from June to September annually, have been lost. Since these few months account for most of the rainfall and consequent freshwater availability, the need for, holding rainwater in reservoirs, for subsequently releasing it for use over the year, is a necessity nobody can afford to overlook. Climate change will continue to affect weather conditions and create water shortages and excesses. While millions suffer from droughts and floods, waters in the country's many rivers flow unutilized, and are discharged into the sea every year.

1. With reference to the above passage, which of the following could be the most rational and practical implications for India?
   1. Inter-linking of rivers should be undertaken.
   2. A network of dams and canals should be built across the country for proper distribution of water.
   3. Farmers should be provided easy loans for digging bore wells.
   4. Usage or water for agriculture should be regulated by law.
   5. Distribution of river water among regions should be regulated by the Union Government.

   Select the correct answer using the code given below.
   (a) 1 and 2 (b) 2, 4 and 5
   (c) 1, 3 and 4 (d) 2, 3 and 5

2. Passage

People will invest in education whenever they are granted the economic freedom to fully enjoy benefits Again, this is for the obvious reason that the return on education increases as the level of economic freedom rises. When people, thanks to lower tax rates, are allowed to retain of the higher income that they gain from incremental level of education, it makes sense to invest in education. On the other hand, when the government decides to tax the higher income of educated individuals at even higher rates, it makes very little sense to invest in educating oneself further. The same incentives apply to parents who decide on whether.

2. With reference to the above passage, the following assumptions have been made:
   1. Lower tax rates in a country invariably translate into greater investments in higher education.
   2. Investment in the education of children ensures their economic freedom.
   3. Economic freedom has a positive impact on building up human capital.

   Which of the above assumptions is/are valid?
   (a) 1 only (b) 2 only
   (c) 3 only (d) 1, 2 and 3

3. परिच्छेद

जब तक वित्तीयन तन्त्र स्थापित न हो जाए तब तक हमारे शहरी निकाय सम्भवतः हमारे शहरों में जलापूर्ति की धारणीय व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कर सकते। जलापूर्ति के लिए प्राकृतिक स्रोतों से जल संचित करने, उसे पीने-योग्य बनाने की अभिक्रिया तथा उपभोक्ताओं तक उसकी आपूर्ति करने के लिए पाइपों के जल-वितरण नेटवर्क बिछाने में भारी निवेश की आवश्यकता होती है। उसमें मल-प्रबन्धन अधःसंरचना एवं मल-जल अभिक्रिया संयन्त्रों में भी निवेश की आवश्यकता होती है जिससे मल-प्रणाल अपशिष्ट जल को इन संयन्त्रों तक ले जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि असंसाधित मल-जल प्राकृतिक जल निकायों में बिल्कुल ही नहीं छोड़ा जाए। यदि हमारे शहर इतने समृद्ध होते कि वो पूरी लागत को वहन कर सकते, तो जल की निःशुल्क पूर्ति की जा सकती है। वे ऐसे नहीं हैं।

3. परिच्छेद द्वारा सम्प्रेषित सर्वाधिक तार्किक और निर्णायक सन्देश क्या है?

(a) शहरी स्थानीय निकायों को उपभोक्ता शुल्कों के माध्यम से लागत वसूलनी चाहिए

(b) शहरी स्थानीय निकाय हमारे शहरों की जल आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए पर्याप्त रूप से दक्ष नहीं है

(c) हमारे शहरों में जल का अभाव एक चिरस्थायी समस्या है, जिसका समाधान सम्भव नहीं है

(d) हमारे शहरों में जल-संकट की दृष्टि से यह बहुत आवश्यक है कि शहरों में जनसंख्या का एक अधिकतम आकार निर्धारित कर शहरों की जनसंख्या को सीमित किया जाए

3. Passage

Our urban bodies cannot possibly ensure sustainable delivery of water in our cities unless financing mechanisms are put in place. Water delivery requires heavy investment in collecting it from a natural source, treating it to make it potable, and laying a distribution network of pipes for delivery to the users. It also requires investments in sewerage infrastructure and sewage treatment plants so that the sewers can carry the wastewater to these plants to ensure that no untreated sewage is discharged back into natural water bodies. If our cities were rich enough to meet the entire cost, water could be delivered free. They are not.

3. What is the most logical and crucial message conveyed by the passage?

(a) Urban local bodies must recover costs through user charges.

(b) Urban local bodies are not efficient enough to meet the water requirements of our cities.

(c) Water shortage in our cities is a perennial problem that cannot be solved.

(d) In view of the water crisis in our cities, there is an urgent need to limit the population of cities by adopting an upper limit of population size.

4. परिच्छेद

भारत में, पिछले दशक अथवा उसके आस-पास, श्रमिक कृषि से हट रहे हैं, परन्तु वे केवल निर्माण तथा गैर-पंजीकृत विनिर्माण, जो कि स्पष्टत :बेहतर रोजगार अवसर नहीं है, में जा रहे हैं। सेवाएँ, जहाँ श्रम की प्रवृत्ति अधिक उत्पादनकारी होती हैं, अतिरिक्त रोजगार अवसर उत्पन्न नहीं कर रही हैं, जिनकी देश को आवश्यकता है। भारत को अगले दशक में लगभग 24 मिलियन नौकरियों की आवश्यकता होगी। नया सेक्टर, ई-व्यापार, रोजगार के अन्तर को अधिक-से-अधिक आधा ही भर पाएगा। केवल वे सेक्टर, जो घरेलू माँग को बढ़ावा देते हैं, जैसे स्वास्थ्य तथा शिक्षा, शेष आधे भाग को सुगमतापूर्वक भर सकते हैं।

4. परिच्छेद में निम्नलिखित में से कौन-सा एक सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण निहितार्थ है?

(a) ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में श्रमिकों का प्रवसन कम करने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

(b) निर्माण तथा गैर-पंजीकृत विनिर्माण में कार्य करने की स्थितियों में सुधार लाना चाहिए

(c) सेवा सेक्टर बेरोजगारी की समस्या को कम करता रहा है

(d) बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए सामाजिक क्षेत्र में खर्च का बढ़ना आवश्यक है

4. Passage

In India, over the last decade or so, labour has been departing agriculture, but is only going to construction and unregistered manufacturing which are not markedly better jobs. Services, where labour tends to be most productive, are not generating the additional jobs the country needs. India will need 24 million or so jobs over the next decade. The new sector, e-commerce, can at best close only half the jobs gap. Only those sectors that drive domestic demand such as health and education can comfortably fill the other half.

4. Which one of the following is best implied in the passage?

(a) Strong measures need to be taken to reduce the rural to urban migration of labour.

(b) The working condition in construction and unregistered manufacturing needs to be improved

(c) Service sector has been reducing the problem of unemployment.

(d) Increased social sector spending is imperative for large-scale job creation.

5. परिच्छेद

भारत में निजता के अधिकार पर वर्तमान फोकस डिजिटल युग की कुछ नवीन वास्तविकताओं पर आधारित है। कोई भी अधिकार वास्तविक अधिकार तभी होता है, यदि वह सभी स्थितियों में प्रभावी हो और सभी के लिए हो। उदाहरण के लिए, किसी व्यक्ति का अपने शोषण के विरुद्ध सुरक्षा की वास्तविक उपलब्धता के बिना स्वतन्त्र अभिव्यक्ति का अधिकार अर्थहीन है, जो कि यह सुनिश्चित करे कि उसके इस अधिकार को गैर-सरकारी शक्ति के प्रयोग से निष्फल न किया जा सके। इसलिए राज्य की भूमिका आधिकारिक स्वतन्त्र अभिव्यक्ति में रुकावट पैदा करने से बचना मात्र ही नहीं है, अपितु यह भी सक्रिय रूप से सुनिश्चित करना है कि गैर-सरकारी पक्षकार इसको अवरुद्ध करने में सक्षम न हों।

5. उपरोक्त परिच्छेद के आधार पर निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई
   1. डिजिटल समाज में राज्य के पास ऐसी संस्थाएँ होनी चाहिए, जो इसकी समुचित भूमिका को सुनिश्चित कर सकें।
   2. राज्य को सुनिश्चित करना चाहिए कि गैर-सरकारी पक्षकार नागरिकों की निजता के अधिकार का हनन न करें।
   3. डिजिटल अर्थव्यवस्था नागरिकों की निजता का हनन न करने के विचार से सुसंगत नहीं है।

उपरोक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 1 और 3 (d) केवल 2

6. परिच्छेद

मृदा, जिसमें हमारे लगभग सभी खाद्य-पदार्थ उगते हैं, एक जीवन्त संसाधन है, जिसके बनने में वर्षों लगते हैं तथापि, यह मिनटों में नष्ट हो सकती है। प्रतिवर्ष 75 अरब) बिलियन (टन उर्वर मृदा क्षरण के कारण नष्ट हो जाती है। यह चिन्ताजनक है- और केवल खाद्य उत्पादकों के लिए ही नहीं। मृदा विशाल मात्रा में कार्बन डाइ-ऑक्साइड को कार्बनिक) ऑर्गेनिक (कार्बन के रूप में रोके रख सकती है और वायुमण्डल में उन्मुक्त हो जाने से बचाए रख सकती है।

6. उपर्युक्त परिच्छेद के आधार पर निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं
   1. बड़े पैमाने पर मृदा का क्षरण विश्व में व्यापक खाद्य असुरक्षा का प्रमुख कारण है।
   2. मृदा का क्षरण मुख्यतः मानवोद्भविक) एन्थ्रोपोजेनिक) है।
   3. मृदा के धारणीय प्रबन्धन से जलवायु परिवर्तन का सामना करने में मदद मिलती है।

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?

(a) 1और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 (d) ये सभी

5. Passage

In India, the current focus on the right to privacy is based on some new realities of the digital age. A right is a substantive right only if it works in all situations, and for everyone. A right to free expression for an individual about her exploitation, for instance, is meaningless without actual availability of security that guarantees that private force cannot be used to thwart this right. The role of the State, therefore, is not just to abstain from preventing rightful free expression, but also to actively ensure that private parties are not able to block it.

5. On the basis of the above passage, the following assumptions have been made:
   1. State should have some institutions to ensure its appropriate role in a digital society.
   2. State should ensure that private parties do not violate the citizens' right to privacy.
   3. Digital economy is not compatible with the idea of not violating the citizens' privacy.

Which of the above assumptions is/are valid?

(a) 1 and 2 (b) 3 only
(c) 1 and 3 (d) 2 only

6. Passage

Soil, in which nearly all our food grows, is a living resource that takes years to form. Yet it can vanish in minutes. Each year 75 billion tonnes of fertile soil is lost to erosion. That is alarming - and not just for food producers. Soil can trap huge quantities of carbon dioxide in the form of organic carbon and prevent it from escaping into the atmosphere.

6. On the basis of the above passage, the following assumptions have been made:
   1. Large scale soil erosion is a major reason for widespread food insecurity in the world.
   2. Soil erosion is mainly anthropogenic.
   3. Sustainable management of soils helps in combating climate change.

Which of the above assumptions is/are valid?

(a) 1 and 2 only (b) 3 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

7. परिच्छेद

जलवायु परिवर्तन के कारण वास्तव में कुछ पादपों को वर्धन-काल अधिक लम्बे हो जाने और अधिक कार्बन डाइ-ऑक्साइड मिलने का लाभ पहुँच सकता है। तथापि, अपेक्षाकृत अधिक उष्ण विश्व के अन्य प्रभावों, जैसेकि नाशक जीव, सूखा और बाढ़ के अधिक हो जाने का अहानिकर होना कम हो जाएगा। विश्व कैसे अनुकूलन करेगा? अनुसन्धानकर्ता यह अनुमान करते हैं कि वर्ष 2050 तक मक्का, आलू, चावल और गेहूँ, इन चार पण्य वस्तुओं की उपयुक्त शस्य-भूमियाँ बदल जाएँगी, जिनसे कुछ जगहों पर किसानों को बाध्य होकर नई फसलों का रोपण करना पड़ेगा। तापन से कुछ कृषि-भूमियो को लाभ पहुंच सकता है, कुछ को नहीं। एकमात्र जलवायु ही उपज को निर्धारित नहीं करती; राजनीतिक परिवर्तन, विश्वव्यापी माँग और कृषि पद्धतियाँ इस बात को प्रभावित करेंगी कि भविष्य में कृषि-भूमियाँ कैसा निष्पादन करेंगी।

7. उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सर्वाधिक तर्कसंगत और विवेकपूर्ण निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) भविष्य में वे किसान लाभ की स्थिति में होंगे, जो अपनी पद्धतियों को आधुनिक बनाएँगे और अपने खेतों में विविध फसलें उगाएँगे

(b) जलवायु परिवर्तन शस्य-विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा

(c) प्रमुख फसलों को नई शस्य-भूमियों में स्थानान्तरित करने से कृषि के अधीन सकल क्षेत्र में अत्यधिक वृद्धि होगी और इस प्रकार समग्र कृषि उत्पादन बढ़ेगा।

(d) जलवायु परिवर्तन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है जो भविष्य में कृषि अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा

8. परिच्छेद

चमगादड़ के पंख चमड़ी की परतों की तरह दिखाई दे सकते हैं, किन्तु अन्दर-अन्दर चमगादड़ की ठीक वैसे ही पाँच उँगलियाँ होती हैं, जैसे ऑरेग-उटैन या मनुष्य की होती हैं, साथ ही वैसे ही कलाई जुड़ी होती है। कलाई भी हड्डियों के गुच्छे से जो कि बाँह की लम्बी हड्डियों से जुड़ी होती है। इस बात से अधिक विलक्षण और क्या हो सकता है कि मनुष्य के हाथ, जो कस कर पकड़ने के लिए बने हैं, खोदने के लिए बने छछंदर के हाथ, घोड़े के पाँव, सँस के पाद और चमगादड़ के पंख, ये सब एक ही प्रतिरूप में बने हों?

8. उपर्युक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में से कौन-सा एक, सर्वाधिक तर्कसंगत, वैज्ञानिक और विवेकपूर्ण निष्कर्ष निकाला जा सकता है?

(a) हाथ की समान संरचना वाली विभिन्न जातियों) स्पीशीज (का होना जैव-विविधता का उदाहरण है

(b) विभिन्न जातियाँ) स्पीशीज (हाथ-पैरों का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिए करती हैं, यह जैव-विविधता का उदाहरण है

(c) मनष्य और उपर्युक्त जन्तुओं के हाथ-पैरों में समान संरचना का होना क्रम-विकास में हुए संयोग का उदाहरण है

(d) मनुष्य और उपर्युक्त जन्तुओं के क्रम-विकास का साझा इतिहास है

7. Passage

Climate change may actually benefit some plants by lengthening growing seasons and increasing carbon dioxide. Yet other effects of a warmer world, such as more pests, droughts, and flooding, will be less benign. How will the world adapt? Researchers project that by 2050; suitable croplands for four commodities - maize, potatoes, rice and wheat – will shift, in some cases pushing farmers to plant new crops. Some farmlands may benefit from warming, but others won't. Climate alone does not dictate yields; political shifts, global demand, and agricultural practices will influence how farms fare in the future.

7. Which one of the following is the most logical and rational inference that can be made from) the above passage?

(a) Farmers who modernize their methods and diversify their fields will be in an advantageous position in future.

(b) Climate change will adversely affect the crop diversity.

(c) Shifting major crops to new croplands will lead to a great increase in the total area under cultivation and thus an increase in overall agricultural production.

(d) Climate change is the most important factor affecting the agricultural economy in the future.

8. Passage

A bat's wings may look like sheets of skin. But underneath, a bat has the same five fingers as an orangutan or a human, as well as a wrist connected to the same cluster of wrist bones connected to the same long bones of the arm. What can be more curious than that the hand of a man formed for grasping, that of a mole for digging, the leg of the horse, the paddle of the porpoise, and the wing of the bat, should all be constructed on the same pattern?

8. Which one of the following is the most logical, scientific and rational inference that can be made from the above passage?

(a) Different species having similar structure of hands is an example of biodiversity.

(b) Limbs being used by different species for different kinds of work is an example of biodiversity.

(c) Man and the aforementioned animals having similar structure of limbs is an example of coincidence in evolution.

(d) Man and the aforementioned animals have a shared evolutionary history.

9. परिच्छेद

जलवाय परिवर्तन का निवारण करने की सभी कार्यवाहियों में अन्तत :लागत अन्तर्निहित होती है। भारत जैसे देशों के लिए अनुकूलन तथा प्रशमन योजनाओं और परियोजनाओं को अभिकल्पित एवं कार्यान्वित करने के लिए वित्तपोषण उचित रूप से बहुत अहम है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए, जो कि जलवायु परिवर्तन की सर्वाधिक मार झेलने वालों में से एक होगा, वित्तीय विकास की आवश्यकताओं को देखते हुए, यह समस्या और भी गम्भीर है। अधिकतर देश निश्चित ही जलवायु परिवर्तन को वास्तविक खतरे के रूप में देखते हैं और अपने पास के सीमित संसाधनों को अधिक व्यापक और एकीकृत तरीके से प्रयोग कर इसके निवारण का प्रयास कर रहे हैं।

9. उपरोक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं :
1. जलवायु परिवर्तन, विकसित देशों के लिए चुनौती नहीं है।
2. अनेक देशों के लिए, जलवायु परिवर्तन एक जटिल नीतिगत मुद्दा है और एक विकास का मुद्दा भी।
3. वित्तीय तरीके और साधन खोजने होंगे ताकि विकासशील देश अपनी अनुकूलन क्षमता बढ़ा सकें।

उपरोक्त में कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?

(a) 1 और 2 (b) केवल 3
(c) 2 और 3 d) ये सभी

9. Passage

All actions to address climate change ultimately involve costs. Funding is vital in order for countries like India to design and implement adaptation and mitigation plans and projects. The problem is more severe for developing countries like India, which would be one of the hardest hit by climate change, given its need to finance development. Most countries do indeed treat climate change as real threat and are striving to address it in a more comprehensive and integrated manner with the limited resources at their disposal.

9. With reference to the above passage, the following assumptions have been made :
1. Climate change is not a challenge for developed countries.
2. Climate change is a complex policy issue and also a development issue for many countries.
3. Ways and means of finance must be found to enable developing countries to enhance their adaptive capacity.

Which of the above assumptions is/are valid ?

(a) 1 and 2 only (b) 3 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

10. परिच्छेद

वैज्ञानिक ज्ञान के अपने संकट हैं लेकिन सभी बड़ी चीजों के साथ ऐसा ही है। उन संकटों के परे, जिनके द्वारा यह ज्ञान वर्तमान को डराता है, एक सम्भावित सुखी विश्व, जो कि गरीबी-रहित है, युद्ध-रहित है, रोगमुक्त है, का भविष्य निरूपण) विजन(करता है, जो और किसी से नहीं हो सकता। विज्ञान के चाहे कोई भी अप्रिय परिणाम हो सकते हों, वह अपनी विशेष प्रकृति में मुक्तिदाता है।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा एक इस परिच्छेद का सबसे महत्त्वपूर्ण निहितार्थ है?
(a) सुखी विश्व विज्ञान का स्वप्न है।
(b) विज्ञान ही एक सुखी विश्व का निर्माण कर सकता है, लेकिन यह अकेला बड़ा संकट नहीं है।
(c) विज्ञान के बिना सुखी विश्व सम्भव नहीं है।
(d) सुखी विश्व का होना बिलकुल सम्भव नहीं है, विज्ञान हो या न हो।

10. Passage

Scientific knowledge has its dangers, but so has every great thing. Over and beyond the dangers with which it threatens the present, it opens up as nothing else can, the vision of a possible happy world; a world without poverty, without war, with little illness. Science, whatever unpleasant consequences it may have by the way, is in its very nature a liberator.

10. Which one of the following is the most important implication of the passage?
(a) A happy world is a dream of science.
(b) Science only can build a happy world, but it is also the only major threat.
(c) A happy world is not possible without science.
(d) A happy world is not at all possible with or without science.

11. परिच्छेद

डब्ल्यूटीओ का सदस्य होने के कारण भारत उन समझौतों से बँधा हुआ है जिन पर भारत समेत इसके सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं एवं अनुसमर्थन किया है। समझा जाता है कि कृषि समझौते के अनुच्छेद-6 के अनुसार कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य उपलब्ध कराने से विकृति आएगी और इसे सीमाओं के अधीन रखा गया है। 'न्यूनतम समर्थनों' से उत्पन्न आर्थिक सहायता विकासशील देशों के लिए कृषि उत्पादन के मूल्य के 10% से अधिक नहीं हो सकती। भारत में पीडीएस के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद्यान्न का सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग आवश्यक है। यह सम्भव है कि कुछ वर्षों में उत्पादकों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता कृषि उत्पादन के मूल्य के 10% से अधिक बढ़ जाए।

11. उपरोक्त परिच्छेद क्या निर्णायक सन्देश देता है?
(a) भारत को अपने पीडीएस को संशोधित करना चाहिए।
(b) भारत को डब्ल्यूटीओ का सदस्य नहीं होना चाहिए।
(C) भारत के लिए, खाद्य सुरक्षा व्यापार के साथ टकराव उत्पन्न करती है।
(d) भारत अपने गरीबों को खाद्य सुरक्षा देता है।

12. परिच्छेद

भारत की शिक्षा प्रणाली उस व्यापक शिक्षा प्रणाली के नमूने पर बनी है जो यूरोप में 19वीं शताब्दी में विकसित हुई और बाद में विश्व में फैल गई। इस व्यवस्था का उद्देश्य है कि बच्चों को 'अच्छे' नागरिक और उत्पादक श्रमिक के रूप में अनुकूलित किया जाए। यह व्यवस्था औद्योगिक युग के लिए उपयुक्त थी जिसमें सीमित क्षमता वाले अनुपालनकर्ता श्रमिकों की लगातार पूर्ति की माँग थी। हमारे शिक्षण संस्थान ऐसे कारखानों की तरह हैं जिनमें घण्टियाँ होती हैं, वर्दियाँ होती हैं और शिक्षार्थियों के जत्थे तैयार किए जाते हैं, ऐसे शिक्षार्थी जो अनुपालन के लिए ही बनाए जा रहे हैं, किन्तु आर्थिक दृष्टिकोण से वर्तमान वातावरण पूर्णत :भिन्न है। यह एक जटिल, अस्थिर एवं भूमण्डलीय रूप से अन्तःसम्बन्धित संसार है।

12. उपरोक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई
1. भारत अपनी त्रुटिपूर्ण शिक्षा प्रणाली के कारण तत्त्वतः विकासशील देश बना हुआ है।
2. आज के शिक्षार्थियों के लिए नए युग के कौशल-समूह प्राप्त करना आवश्यक है।
3. काफी संख्या में भारतीय शिक्षा प्राप्त करने के लिए कुछ विकसित देशों में जाते हैं, क्योंकि वहाँ की शिक्षा प्रणालियाँ उन समाजों का पूर्ण प्रतिबिम्ब हैं जिनमें वे कार्य करती हैं।

उपरोक्त में कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?
(a) 1 और 3 (b) केवल 2
(c) 2 और 3 (d) ये सभी

11. Passage

Being a member of the WTO, India is bound by the agreements that have been signed and ratified by its members, including itself. According to Article 6 of the Agriculture Agreement, providing minimum support prices for agricultural products is considered distorting and is subject to limits. The subsidy arising from 'minimal supports' cannot exceed 10 per cent of the value of agricultural production for developing countries. PDS in India entails minimum support prices and public stockholding of food grains. It is possible that, in some years, the subsidy to producers will exceed 10 per cent of the value of agricultural production.

11. What is the crucial message conveyed by the above passage?
(a) India should revise its PDS.
(b) India should not be a member of WTO.
(C) For India, food security collides with trade.
(d) India provides food security to its poor. .

12. Passage

India's educational system is modeled on the ass education system that developed in the 19th century in Europe and later spread around the world. The goal of the system is to condition children as 'good' citizens and productive workers. This suited the industrial age that needed the constant supply of a compliant workforce with a narrow set of capabilities. Our educational institutes resemble factories with bells, uniforms and batch-processing of learners, designed to get learners to conform. But, from an economic point of view, the environment today is very different. It is a complex, volatile and globally interconnected world.

12. With reference to the above passage, the following assumptions have been made:
1. India continues to be a developing country essentially due to its faulty education system.
2. Today's learners need to acquire new-age skill-sets.
3. A good number of Indians go to some developed countries for education because the educational systems there are a perfect reflection of the societies in which they function.

Which of the above assumptions is/are valid?
(a) 1 and 3 only (b) 2 only
(c) 2 and 3 only (d) 1, 2 and 3

13. परिच्छेद

विश्व की जनसंख्या वर्ष 1990 में 1.6 अरब के लगभग थी-आज यह 7.2 अरब के लगभग है और बढ़ रही है। जनसंख्या वृद्धि पर किए गए हाल के आकलनों से यह पूर्वानुमान होता है कि विश्व की जनसंख्या 2050 में 9.6 अरब और 2100 में 10.9 अरब हो जाएगी। यूरोप और उत्तरी अमेरिका के असदृश जहाँ केवल 3-4% जनसंख्या कृषि में लगी है, भारत की लगभग 47% जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। यदि भारत सेवा क्षेत्र में लगातार प्रगति करता रहे और विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ता रहे, तो भी यह सम्भावना की जाती है कि 2030 के आस-पास जब भारत, चीन से आगे निकल कर विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश होगा, भारत की लगभग 42% जनसंख्या प्रधान रूप से कृषि पर निर्भर होगी।

13. उपरोक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में कौन-सा सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष) इन्फेरेन्स (निकाला जा सकता है?

(a) कृषि क्षेत्र की समृद्धता भारत के लिए क्रान्तिक महत्त्व की है।

)b) भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख रूप से इसकी कृषि पर निर्भर करती है।

)c) भारत को अपनी तेजी से बढ़ती जनसंख्या को नियन्त्रित करने के लिए कठोर उपाय अपनाने चाहिए।

)d) भारत के कृषि-समुदायों को अपनी आर्थिक दशाओं में सुधार लाने के लिए अन्य व्यवसायों को अपना लेना चाहिए।

13. Passage

Global population was around 1.6 billion in 1990 – today it is around 7.2 billion and growing. Recent estimates on population growth predict a global population of 9.6 billion in 2050 and 10.9 billion in 2100. Unlike Europe and North America, where only three to four per cent of population is engaged in agriculture, around 47 per cent of India's population is dependent upon agriculture. Even if India continues to do well in the service sector and the manufacturing sector picks up, it is expected that around 2030 when India overtakes China as the world's most populous country, nearly 42 per cent of India's population will still be predominantly dependent on agriculture.

13. Which of the following is the most logical and rational inference that can be made from the above passage?

(a) Prosperity of agriculture sector is of critical importance to India.

(b) Indian economy greatly depends on its agriculture.

(c) India should take strict measures to control its rapid population growth.

(d) India's farming communities should switch over to other occupations to improve their economic conditions.

14. परिच्छेद

बिजानिक हैं .मेरा सौभाग्य है कि मैं इस प्रकार का व्यक्ति हूँ, जो विज्ञान के साधनों का उपयोग करके प्रकृति को समझ सकता है, लेकिन यह भी स्पष्ट है कि कुछ महत्त्वपूर्ण प्रश्न सचमुच में ऐसे हैं, जिनका उत्तर वास्तव में विज्ञान नहीं दे सकता, जैसे कि कुछ भी न होने के स्थान पर कुछ क्यों है? हम यहाँ क्यों हैं? उन दायरों में मैंने पाया है कि आस्था इनके उत्तरों के लिए बेहतर मार्ग उपलब्ध कराती है। मैं इसको विषम रूप से कालदोषयुक्त पाता हूँ कि आज की संस्कृति में एक व्यापक धारणा प्रतीत होती है कि वैज्ञानिक और आध्यात्मिक विचार असंगत हैं।

14. उपरोक्त परिच्छेद से निम्नलिखित में कौन-सा सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष) इन्फेरेन्स (निकाला जा सकता है?

(a) यह विज्ञान न होकर आस्था है जो अन्ततः मानव-जाति की सभी समस्याओं को सुलझा सकती है।

)b) विज्ञान और आस्था आपस में सम्पूरक हो सकते हैं यदि उनके समुचित दायरों को समझ लिया जाए।

)c) कुछ ऐसे अत्यन्त मूलभूत प्रश्न हैं जिनका उत्तर विज्ञान अथवा आस्था किसी से नहीं दे सकते हैं।

)d) आज की संस्कृति में वैज्ञानिक विचारों को, आध्यात्मिक विचारों की तुलना में अधिक महत्त्व दिया जा रहा है।

14. Passage

I am a scientist, privileged to be somebody who tries to understand nature using the tools of science. But it is also clear that there are some really important questions that science cannot really answer, such as: Why is there something instead of nothing? Why are we here? In those domains, I have found that faith provides a better path to answers. I find it oddly anachronistic that in today's culture there seems to be a widespread presumption that scientific and spiritual views are incompatible.

14. Which of the following is the most logical and rational inference that can be made from the above passage?

(a) It is the faith and not science that can finally solve all the problems of mankind.

(b) Science and faith can be mutually complementary if their proper domains are understood.

(c) There are some very fundamental questions which cannot be answered by either science or faith.

(d) In today's culture, scientific views are given more importance than spiritual views.

15. परिच्छेद

यद्यपि मैंने बहुत-सी पुरानी परम्पराओं एवं प्रथाओं को त्याग दिया है और मैं उत्सुक हूँ कि भारत स्वत :उन सभी बेड़ियों को उतार फेंके जो उसे बाँधती हैं, रोकती हैं और उसके लोगों को विभाजित करती हैं, और उनमें से अधिसंख्य लोगों का दमन करती हैं तथा शरीर एवं आत्मा के स्वतन्त्र विकास को रोकती हैं। यद्यपि मैं ये सब चाहता हूँ फिर भी अपने-आप को अतीत से पूरी तरह काटना नहीं चाहता। मुझे अपनी महान विरासत पर गर्व है जो हमारी रही है और है भी और मैं सचेत हूँ कि मैं भी, हम सभी की तरह, उस अटूट श्रृंखला की कड़ी हूँ, जो इतिहास के उषाकाल के भारत के अविस्मरणीय अतीत से सम्बद्ध है।

15. लेखक चाहता है कि भारत अपने को अतीत के बन्धनों से मुक्त करे, क्योंकि

)a) वह भूतकाल के औचित्य को नहीं समझ पा रहा है
)b) ऐसा कुछ नहीं है जिस पर गर्व किया जा सके
)c) उसकी भारत के इतिहास में रुचि नहीं है
)d) वे उसके भौतिक और आध्यात्मिक विकास को रोकते हैं

16. परिच्छेद

जो व्यक्ति निरन्तर इस हिचकिचाहट में रहता है कि दो चीजों में से किसे पहले को वह दोनों में से कोई भी नहीं करेगा। जो व्यक्ति संकल्प करता है, लेकिन उसकी काट में किसी मित्र द्वारा दिए गए पहले सुझाव पर ही अपने संकल्प को बदल देता है-जो कभी एक राय कभी दूसरी राय के बीच आगा-पीछा करता रहता है और एक योजना से दूसरी योजना तक रुख बदलता रहता है-वह किसी भी चीज को कभी पूरा नहीं कर सकता। ज्यादा से ज्यादा वह बस ठहरा रहेगा, और सम्भवत: सभी चीजों में पीछे हटता रहेगा। जो व्यक्ति पहले विवेकपूर्वक परामर्श करता है, फिर दृढ़ संकल्प करता है, और कमजोर मनोवृत्ति को भयभीत करने वाली तुच्छ कठिनाइयों से निर्भीक बने रहकर अटल दृढ़ता से अपने उद्देश्यों को पूरा करता है-केवल वही व्यक्ति किसी भी दिशा में उत्कर्ष की ओर आगे बढ़ सकता है।

16. इस परिच्छेद से निकलने वाला मूलभाव क्या है?
(a) हमें पहले विवेकपूर्वक परामर्श करना चाहिए, फिर दृढ़ संकल्प करना चाहिए
(b) हमें मित्रों के सुझावों को नकार देना चाहिए और बिना बदले अपनी राय पर कायम रहना चाहिए
(c) हमें विचारों में सदैव उदार होना चाहिए
(d) हमें सदैव कृतसंकल्प और उपलब्धि-अभिमुख होना चाहिए

15. Passage

Though I have discarded much of past tradition and custom, and am anxious that India should rid herself of all shackles that bind and contain her and divide her people, and suppress vast numbers of them, and prevent the free development of the body and the spirit; though I seek all this, yet I do not wish to cut myself off from that past completely. I am proud of that great inheritance that has been and is, ours and I am conscious that I too, like all of us, am a link in that unbroken chain which goes back to the dawn of history in the immemorial past of India.

15. The author wants India to rid herself of certain past bonds because
(a) He is not able to see the relevance of the past
(b) There is not much to be proud of
(c) He is not interested in the history of India
(d) They obstruct her physical and spiritual growth

16. Passage

The man who is perpetually hesitating which of the two things he will do first, will do neither. The man who resolves, but suffers his resolution to be changed by the first counter - suggestion of a friend-who fluctuates from opinion to opinion and veers from plan to plan-can never accomplish anything. He will at best be stationary and probably retrograde in all. It is only the man who first consults wisely, then resolves firmly and then executes his purpose with inflexible perseverance, undismayed by those petty difficulties which daunt a weaker spirit - that can advance to eminence in any line.

16. The keynote that seems to be emerging from the passage is that
(a) We should first consult wisely and then resolve firmly
(b) We should reject suggestions of friends and remain unchanged
(c) We should always remain broad-minded
(d) We should be resolute and achievement oriented

17. परिच्छेद

लोग क्यों खुले में शौच जाना ज्यादा पसन्द करते हैं और शौचालय रखना नहीं चाहते, या जिनके पास शौचालय है वे उसका उपयोग कभी-कभी ही करते हैं? हाल के अनुसन्धान से दो खास बातें सामने आई है : शुद्धता और प्रदूषण के विचार और न चाहना कि गड्डे या सेप्टिक टैंक भरें, क्योंकि उन्हें खाली करना होता है। ये वे मुद्दे हैं जिन पर कोई बात नहीं करना चाहता, लेकिन यदि हम खुले में शौच की प्रथा का उन्मूलन करना चाहते हैं, तो इन मुद्दों का सामना करना होगा और इनसे समुचित तरीके से निपटना होगा।

17. उपर्युक्त परिच्छेद से, निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक निर्णायक सन्देश व्यक्त होता है?
(a) शुद्धता और प्रदूषण के विचार इतने गहरे समाये हैं कि उन्हें लोगों के दिमाग से हटाया नहीं जा सकता
(b) लोगों को समझना होगा कि शौचालय का उपयोग और गड्ढों का खाली किया जाना शुद्धता की बात है न कि अशुद्धता की
(c) लोग अपनी पुरानी आदतों को बदल नहीं सकते
(d) लोगों में न तो नागरिक बोध है और न ही एकान्तता (प्राइवेसी) का बोध है

18. परिच्छेद

2020 तक, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5.6 करोड़ (56 मिलियन) यवाओं की कमी होने की आशंका है तब भारत अपने 4.7 करोड़ (47 मिलियन) अधिशेष युवाओं से इस कमी को पूरा कर सकता है। भारत में दो अंकों में विकास निर्मुक्त करने के एक मार्ग के रूप में श्रम सुधारों को इसी सन्दर्भ में प्रायः उद्धृत किया जाता है। 2014 में, भारत का श्रमबल जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होने का आकलन था, लेकिन इस बल का 93 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में था। विगत पूरे दशक में रोजगार की चक्रवृद्धि वार्षिक संवृद्धि दर [कम्पाउण्ड एनुअल ग्रोथ रेट (CAGR)0.5 प्रतिशत तक मन्द हो चुकी थी, जहाँ पिछले वर्ष के दौरान लगभग 1.4 करोड़ (14 मिलियन) नौकरियाँ सृजित हुई जबकि श्रमबल में लगभग 1.5 करोड़ (15 मलियन)] की वृद्धि हुई।

6. निम्नलिखित में से कौन-सा, उपर्युक्त परिच्छेद का सर्वाधिक तार्किक निष्कर्ष (इन्फरेंस) है?
(a) भारत को अपनी जनसंख्या वृद्धि पर अवश्य ही नियन्त्रण करना चाहिए, ताकि इसकी बेरोजगारी दर कम हो सके
(b) भारत के विशाल श्रमबल का उत्पादक रूप से इष्टतम उपयोग करने के लिए भारत में श्रम सुधारों की आवश्यकता है
(c) भारत अतिशीघ्र दो अंकों का विकास प्राप्त करने की ओर अग्रसर है
(d) भारत अन्य देशों को कौशल-प्राप्त युवाओं की पूर्ति करने में सक्षम है।

17. Passage

Why do people prefer open defecation and not want toilets or, if they have them, only use them sometimes? Recent research has shown two critical elements: ideas of purity and pollutions, and not wanting pits or septic tanks to fill because they have to be emptied. These are the issues that nobody wants to talk about, but if we want to eradicate the practice of open defection, they have to be confronted and dealt properly.

17. Which among the following is the most crucial message conveyed by the above passage?
(a) The ideas of purity and pollutions are so deep-rooted that they cannot be removed from the minds of the people.
(b) People have to perceive toilet use and pit emptying as clean and not polluting.
(C) People cannot change their old habits.
(d) People have neither civic sense nor sense of privacy.

18. Passage

By 2020, when the global economy is expected to run short of 56 million young people, India, with its youth surplus of 47 million, could fill the gap. It is in this context that labour reforms are often cited as the way to unlock double-digit growth in India. In 2014, India's labour force was estimated to be about 40 per cent of the population, but 93 per cent of this force was in unorganized sector. Over the last decade, the compound annual growth rate (CAGR) of employment has slowed to 0.5 per cent, with about 14 million jobs created during last year when the labour force increased by about 15 million.

21. Which of the following is most rational inference from the above passage?
(a) India must control its population growth so as to reduce its unemployment rate.
(b) Labour reforms are required in India to make optimum use of its vast labour force productively.
(c) India is poised to achieve the double-digit growth very soon.
(d) India is capable of supplying! It, skilled young people to other countries.

19. परिच्छेद

सबसे पहला पाठ, जो हमें तब पढ़ाया जाना चाहिए जब हम उसे समझने के लिए पर्याप्त बड़े हो चुके हों, यह है कि कार्य करने की बाध्यता से पूरी स्वतंत्रता अप्राकृतिक है, और इसे गैर-कानूनी होना चाहिए, क्योंकि हम कार्य-भार के अपने हिस्से से केवल तभी बच सकते हैं, जब हम इसे किसी दूसरे के कन्धों पर डाल दें। प्रकृति ने यह विधान किया है कि मानव प्रजाति, यदि कार्य करना बन्द कर दे, तो भुखमरी से नष्ट हो जाएगी। हम इस निरंकुशता से बच नहीं सकते हैं। हमें इस प्रश्न को सुलझाना पड़ेगा कि हम अपने-आपको कितना अवकाश देने में समर्थ हो सकते हैं।

19. उपर्युक्त परिच्छेद का यह मुख्य विचार है कि
(a) मनुष्यों के लिए यह आवश्यक है कि वे काम करें
)b) कार्य एवं अवकाश के मध्य सन्तुलन होना चाहिए
)c) कार्य करना एक निरंकुशता है जिसका हमें सामना करना ही पड़ता है
)d) मनुष्य के लिए कार्य की प्रकृति को समझना आवश्यक है

19. Passage

The very first lesson that should be taught to us when we are old enough to understand it is that complete freedom from the obligation to work is unnatural, and ought to be illegal, as we can escape our share of the burden of work only by throwing it on someone else's shoulders. Nature ordains that the human race shall perish of famine if it stops working. We cannot escape from this tyranny. The question we have to settle is how much leisure we can afford to allow ourselves.

19. The main idea of the passage is that
(a) It is essential for human beings to work
(b) There should be a balance between work and leisure
(c) Working is a tyranny which we have to face
(d) Human understands of the nature of work is essential

20. परिच्छेद

आदतों का पालन करने में कोई हानि नहीं है, जब तक कि वे आदतें हानिकारक न हों। वास्तव में हममें से अधिकांश लोग, आदतों के पुलिंदे से शायद कुछ अधिक ही व्यवस्थिति होते हैं। हम अपनी आदतों से मुक्त हो जाएँ तो जो बचेगा उस पर शायद ही कोई ध्यान देना चाहे। हम इनके बिना नहीं चल सकते। वे जीवन की प्रक्रिया को सरल बनाती है। इनसे हम बहुत-सी चीजें अपने आप करने में समर्थ होते हैं, जिन्हें, यदि हम हर बार नया और मौलिक विचार देकर करना चाहें, तो अस्तित्व एक असम्भव उलझन बन जाए।

20. लेखक का सुझाव है कि आदतें
(a) हमारे जीवन को कठिन बनाती हैं
(b) हमारे जीवन में सटीकता लाती हैं
(c) हमारे लिए जीना आसान करती हैं
(d) हमारे जीवन को मशीन बनाती हैं

20. Passage

There is no harm in cultivating habits so long as they are not injurious. Indeed, most of us are little more than bundle of habits. Take away our habits and the residuum would hardly be worth bothering about. We could not get on without them. They simplify the mechanism of life. They enable us to do a multitude of things automatically, which, if we had to give fresh and original thought to them each time, would make existence an impossible confusion.

20. The author suggests that habits
(a) Tend to make our lives difficult
(b) Add precision to our lives
(c) Make it easier for us to live
(d) Tend to mechanize our lives

21. परिच्छेद

लोकतान्त्रिक राज्य में, जहाँ लोगों में उच्च कोटि की राजनीतिक परिपक्कता होती है, सर्वसत्ताधारी विधिनिर्माता निकाय के संकल्प और जनता के संगठित संकल्प में बिरले ही संघर्ष होता है।

21. उपर्युक्त परिच्छेद का क्या निहितार्थ है?

(a) लोकतन्त्र में, सम्प्रभुता के वास्तविक पालन में, बल प्रमुख तथ्य होता है
)b) परिपक्क लोकतन्त्र में, सम्प्रभुता के वास्तविक पालन में, बल एक बड़ी सीमा तक प्रमुख तथ्य होता है
)c) परिपक्क लोकतन्त्र में, सम्प्रभुता के वास्तविक पालन में, बल का प्रयोग के अप्रासंगित है
)d) परिपक्क लोकतन्त्र में, सम्प्रभुता के वास्तविक पालन में, बल घटकर एक उपान्तिक तथ्य) मार्जिनल फेनॉमिनॉन (रह जाता है

22. परिच्छेद

सफल लोकतन्त्र राजनीति में व्यापक रुचि एवं भागीदारी पर निर्भर करता है, जिसमें मतदान एक आवश्यक अंग है। जानबूझकर इस प्रकार की रुचि न रखना आर मतदान न करना, एक प्रकार की अन्तर्निहित अराजकता है; यह स्वतन्त्र राजनीतिक समाज के लाभों का उपयोग करते हुए अपने राजनीतिक दायित्व से मुख मोड़ना है।

22. यह परिच्छेद किससे सम्बन्धित है?

(a) मतदान का दायित्व
(b) मतदान का अधिकार
)c) मतदान की स्वतन्त्रता
(d) राजनीति में भागीदारी का अधिकार

23. परिच्छेद

किसी स्वतन्त्र देश में, नेता की स्थिति तक पहुँचने वाला व्यक्ति सामान्यतः उत्कष्ट चरित्र और योग्यता वाला व्यक्ति होता है। इसके साथ ही, इसका पूर्वानुमान कर लेना भी सामान्यत: सम्भव होता है कि वह इस स्थिति तक पहुँचेगा. क्योंकि जीवन के प्रारम्भिक वर्षों में ही उसके चारित्रिक गुणों को देखा जा सकता है। किन्तु किसी तानाशाह के मामले में यह हमेशा सत्य नहीं होता; वह प्राय: अपनी सत्ता की स्थिति तक संयोग से पहुँच जाता है, अनेक बार तो सिर्फ अपने देश की दुखद स्थिति के कारण ही।

23. इस परिच्छेद में यह सुझाया गया प्रतीत होता है कि

(a) नेता अपनी भावी स्थिति का पूर्वानुमान कर लेता है।
(b) नेता सिर्फ किसी स्वतन्त्र देश के द्वारा ही चुना जाता है
(c) किसी भी नेता को इस बात पर ध्यान रखना चाहिए कि उसका देश निराशा से मुक्त रहे
(d) किसी देश में बनी हुई निराशा की परिणति कभी-कभी तानाशाही में होती है

21. Passage

In a democratic State, where a high degree of Political maturity of the people obtains, the conflict between the will of the sovereign law-making body and the organized will of the people seldom occurs.

21. What does the above passage imply?
(a) In a democracy, force is the main phenomenon in the actual exercise of sovereignty.
(b) In a mature democracy, force to a great extent is the main phenomenon in the actual exercise of sovereignty.
(c) In a mature democracy, use of force is irrelevant in the actual exercise of sovereignty.
(d) In a mature democracy, force is narrowed down to a marginal phenomenon in the actual exercise of sovereignty.

22. Passage

A successful democracy depends upon widespread interest and participation in politics, in which voting is an essential part. To deliberately refrain from taking such an interest, and from voting, is a kind of implied anarchy; it is to refuse one's political responsibility while enjoying the benefits of a free political society.

22. This passage relates to
(a) Duty to vote
(b) Right to vote
(c) Freedom to vote
(d) Right to participate in politics

23. Passage

In a free country, the man who reaches the position of leader is usually one of outstanding character and ability. Moreover, it is usually possible to foresee that he will reach such a position, since early in life one can see his qualities of character. But this is not always true in the case of a dictator; often he reaches his position of power through chance, very often through the unhappy state of his country.

23. The passage seems to suggest that
(a) A leader foresees his future position
(b) A leader is chosen only by a free country
(c) A leader must see that his country is free from despair
(d) Despair in a country sometimes leads to dictatorship

24. परिच्छेद

तकनीकी प्रगति में निहित मानव-जाति के लिए सबसे बड़ा वरदान, निश्चित रूप भौतिक सम्पदा का संचय नहीं है। किसी व्यक्ति के द्वारा जीवन में इनकी नी मात्रा का वास्तविक रूप में उपभोग किया जा सकता है, वह बहुत अधिक है। किन्त फुरसत के समय के उपभोग की सम्भावनाएँ उसी संकीर्ण सीमा क सीमित नहीं हैं। जिन्होंने फुरसत के समय के उपहार के सदुपयोग का कभी अनभव नहीं किया है, वे लोग इसका दुरुपयोग कर सकते हैं। फिर भी, समाजों की एक अल्पसंख्यक द्वारा फुरसत के समय का रचनात्मक उपयोग किया जाना ही आदिम स्तर के बाद सभी मानव-प्रगति का मुख्य प्रेरणास्रोत रहा है।

24. उपर्युक्त परिच्छेद के सन्दर्भ में निम्नलिखित पूर्वधारणाएँ बनाई गई हैं।
1. फुरसत के समय को लोग सदैव उपहार के रूप में देखते हैं तथा इसका उपयोग और अधिक भौतिक सम्पदा अर्जित करने के लिए करते हैं।
2. कुछ लोगों द्वारा फुरसत के समय का, नूतन और मौलिक चीजों के उत्पादन के लिए, उपयोग किया जाना ही मानव-प्रगति का मुख्य स्रोत रहा है।

इनमें से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएँ वैध है/हैं?

(a) केवल 1. (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 ओर न ही 2

25. परिच्छेद

यदि हम 2050 की ओर देखें जब हमें दो अरब अधिक लोगों को आहार खिलाने की आवश्यकता होगी, तो यह प्रश्न कि कौन-सा आहार सर्वोत्तम है, एक नई अत्यावश्यकता बन गया है। आने वाले दशकों में हम जिन खाद्य पदार्थों को खाने के लिए चुनेंगे, उनके इस ग्रह के लिए गम्भीर रूप से बहुशाखन होंगे। सामान्य रूप से कहें तो समूचे विकासशील देशों में खानपान की जो मांस और डेरी उत्पाद के आहार के गिर्द ही घूमते रहने वाली प्रवृत्ति बढ़ रही है, वह भूमण्डलीय संसाधनों पर, अपरिष्कृत अनाज, गिरी, फलों और सब्जियों पर निर्भर करने वाली प्रवृत्ति की तुलना में अधिक दबाव डालेगी।

25. उपर्युक्त परिच्छेद से क्या निर्णायक सन्देश निकलता है?
